**प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तारीख 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दी गई है और प्रदर्शन, मूल्यांकन और पुरस्कार समारोह अब 22 अक्तूबर 2024 को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा (20 सितंबर 2024 को अपडेट किया गया)**

दिनांक: 05 अगस्त 2024

## ललित कला के छात्रों के लिए कला प्रतियोगिता

भारतीय रिज़र्व बैंक, जो कि देश का केंद्रीय बैंक है, 01 अप्रैल 2024 को अपने 90वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। इस वर्ष भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के भाग के रूप में, बैंक भारत में पंजीकृत ललित कला महाविद्यालयों/संस्थानों के लिए एक कला प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है, जो नियमों और शर्तों के अधीन है। संस्थानों को अपनी प्रविष्टि, अर्थात 01 अप्रैल 2024 की स्थिति के अनुसार उनके महाविद्यालय में ललित कला की पढ़ाई कर रहे स्नातक पाठ्यक्रम के विद्यार्थी की कलाकृति, प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। प्रविष्टियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख **30 सितंबर 2024** है।

2. प्राप्त प्रविष्टियों में से अधिकतम 15 कलाकृतियों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रविष्टि वाले संस्थान तथा छात्र (जिसकी कलाकृति प्रविष्टि के रूप में प्रस्तुत की गई है) को सम्मानित किया जाएगा तथा पुरस्कृत किया जाएगा। पुरस्कार के रूप में संस्थान को एक डिजिटल डिवाइस तथा विद्यार्थी को ₹1 लाख का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। सभी चयनित कलाकृतियाँ तथा संबंधित कॉपीराइट भारतीय रिज़र्व बैंक की संपत्ति होंगे तथा बैंक भविष्य में, जैसा भी उचित समझे, उनका उपयोग कर सकता है।

मुख्य महाप्रबंधक

## <u>ललित कला के विद्यार्थियों के लिए कला प्रतियोगिता– नियम और शर्तें</u>

1. प्रतियोगिता केवल ललित कला के लिए पंजीकृत संस्थानों/महाविद्यालयों या ललित कला संकायों (विश्वविद्यालयों के मामले में) के लिए खुली है, जो 01 अप्रैल 2024 तक महाविद्यालय में ललित कला के पाठ्यक्रम में नामांकित पूर्णकालिक स्नातक अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा बनाई गई कलाकृति प्रस्तुत कर सकते हैं। विद्यार्थी की राष्ट्रीयता भारतीय होना चाहिए।
2. विषय: प्रस्तुत की गई प्रविष्टि निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी पर भारतीय कला रूपों से प्रेरित एक मूल कलाकृति होनी चाहिए:
    - क. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई)
    - ख. आरबीआई और भारत के लिए इसके योगदान
    - ग. आरबीआई और नवोन्मेष
3. माध्यम और प्रारूप:
    - क. कलाकृति का आयाम 16.5 "(लंबाई) x 11.7" (चौड़ाई) होना चाहिए। जबकि आकार में 10% तक भिन्नता की अनुमति है; तथापि आकृति अनुपात को बनाए रखा जाना आवश्यक है।
    - ख. कलाकृति कागज पर क्षैतिज आकार में होनी चाहिए (किसी भी प्रकार के कागज का उपयोग किया जा सकता है)।
    - ग. कलाकृति निम्नलिखित में से किसी का उपयोग करके बनाई जा सकती है (संयोजन में या केवल उसी सामग्री द्वारा): कोयला / पेंसिल / ग्रेफाइट / पेंट (ऐक्रेलिक, वॉटर कलर, तेल)
4. कलाकृति प्रस्तुत करने की प्रक्रिया और विनिर्देश:
    - क. 300 डीपीआई और 35 एमबी से कम आकार में कलाकृति की स्कैन की गई छवि (पीडीएफ/जेपीईजी/जेपीजी प्रारूप में) **30 सितंबर 2024** तक rbiartcompetition@rbi.org.in पर भेजी जा सकती है।
    - ख. प्रविष्टि के साथ उस विद्यार्थी-कलाकार, जिसने कलाकृति बनाई है, का प्रोफाइल और कलाकृति के तकनीकी विनिर्देश/ विवरण पीडीएफ और माइक्रोसॉफ्ट वर्ड में 400-500 शब्दों में होना चाहिए (कलाकार / विद्यार्थी द्वारा लेख केवल अंग्रेजी/हिंदी में लिखा जाना चाहिए)
    - ग. प्रविष्टि संलग्न प्रारूप के अनुसार संस्थान द्वारा प्रमाणित की जानी चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा सीधे आरबीआई को भेजी गई व्यक्तिगत प्रविष्टियां स्वीकार नहीं की जाएंगी।
    - घ. मूल प्रविष्टियों (पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले) को **22 अक्तूबर 2024** को, जिस समय उन्हें प्रदर्शित किया जाएगा और आरबीआई द्वारा नियुक्त जूरी पैनल द्वारा चयन किया जाएगा, नई दिल्ली में जमा किया जाना आवश्यक है। प्रविष्टियों के प्रदर्शन के लिए स्थान की सूचना उचित समय पर दी जाएगी।

5. मूल्यांकन:
    क. मूल प्रविष्टियों को बैंक द्वारा नई दिल्ली में एक स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा।
    ख. प्रविष्टियों का मूल्यांकन विषय की रचनात्मक अभिव्यक्ति, समग्र गुणवत्ता और दृश्य अपील के आधार पर निर्णायकों के पैनल द्वारा किया जाएगा।
    ग. 15 प्रविष्टियों का चयन किया जाएगा और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। प्राप्त सभी वैध प्रविष्टियों को सहभागिता प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे।
    घ. निर्णायकों का निर्णय अंतिम होगा और बैंक द्वारा इसके विरुद्ध कोई प्रतिनिधित्व या आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. अपात्रता: बैंक अपने विवेकानुसार निम्नलिखित में से किसी भी परिस्थिति में प्रविष्टि को अपात्र घोषित कर सकता है और इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा और उस पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा:
    क. **30 सितंबर 2024** के बाद प्राप्त होने वाली प्रविष्टि।
    ख. संस्थान द्वारा आवश्यक प्रमाणन के बिना प्राप्त प्रविष्टि।
    ग. प्रविष्टि निर्धारित विनिर्देशों (माध्यम, प्रारूप और आकार) को पूरा नहीं करती हो।
    घ. मूल प्रविष्टि प्रस्तुत की गई ई-कॉपी से अलग/परिवर्तित होना।
    ङ. किसी भी राजनीतिक या धार्मिक चित्रण/निष्कर्ष वाली प्रविष्टि।
    च. कोई अन्य कारण जिसकी वजह से प्रविष्टि को प्रतियोगिता में प्रदर्शित/शामिल किए जाने के लिए अनुपयुक्त माना जाता हो।
7. दिल्ली में प्रदर्शित होने वाली सभी प्रविष्टियों के मामले में, दिल्ली की यात्रा और कलाकृति प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी-कलाकार और प्रस्तुतकर्ता संस्थान के एक प्रतिनिधि के लिए दिल्ली में आवास की व्यवस्था बैंक द्वारा की जाएगी।
8. भारतीय रिज़र्व बैंक बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर प्रतियोगिता को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और यह प्रतिभागियों / नोटिस आवश्यकताओं के लिए व्यक्तिगत संचार के अधीन नहीं होगा। इस संबंध में सूचना आरबीआई की वेबसाइट (https://website.rbi.org.in/web/rbi) के माध्यम से प्रसारित की जाएगी।

नोट: इस संबंध में यह भी सूचित किया जाता है कि, महाविद्यालय/संस्थान द्वारा प्रतियोगिता में प्रवेश के रूप में चयनित कलाकृति यदि महिला विद्यार्थी-कलाकार की हो, तो विद्यार्थी के माता/पिता/अभिभावक में से एक को संस्थान के प्रतिनिधि के अलावा विद्यार्थी के साथ प्रदर्शन, मूल्यांकन और पुरस्कार समारोह के लिए नई दिल्ली आने की अनुमति दी जाएगी; माता/पिता/अभिभावक के लिए नई दिल्ली में यात्रा और आवास की व्यवस्था आरबीआई द्वारा की जाएगी।

**(महाविद्यालय/विश्वविद्यालय का पत्रशीर्ष के तहत)**

दिनांक

मुख्य महाप्रबंधक
मानव संसाधन प्रबंध विभाग
केंद्रीय कार्यालय
भारतीय रिजर्व बैंक
शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट
मुंबई – 400 001

महोदया

**<u>ललित कला के विद्यार्थियों के लिए कला प्रतियोगिता</u>**

उपर्युक्त उल्लिखित प्रतियोगिता के लिए आमंत्रण के संदर्भ में, हम इसके साथ अपने संस्थान के लिए प्रविष्टि प्रस्तुत करते हैं, जो हमारे कॉलेज/संस्थान में (विद्यार्थी का नाम) (पाठ्यक्रम का नाम, वर्ष और विषय का नाम) द्वारा बनाई गई है।

2. हम निम्नलिखित प्रमाणित करते हैं:

क) कलाकृति मौलिक है और कहीं से नकल नहीं की गई है।

ख) कलाकृति का आयाम 16.5" (लंबाई) और 11.7" (चौड़ाई) का है जिसमें आकार में 10% तक भिन्नता है और आकृति अनुपात बनाए रखा गया है।

ग) कलाकृति कोयला / पेंसिल / ग्रेफाइट / पेंट (ऐक्रेलिक, वॉटर कलर, ऑयल) का उपयोग करके कागज पर क्षैतिज संरचना में बनाई गई है।

घ) कलाकृति में कोई राजनीतिक या धार्मिक चित्रण / निष्कर्ष नहीं है।

3. हम प्रतियोगिता के नियमों और शर्तों का पालन करेंगे।

भवदीय,

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा)
नाम, पदनाम और संपर्क नंबर

**आरबीआई की कला प्रतियोगिता 2024 के बारे में बार-बार पूछे गए प्रश्न**

1. **प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पात्र कौन है?**

   यह प्रतियोगिता भारत में पंजीकृत ललित कला महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों के ललित कला के संकायों के लिए है।

2. **एक संस्थान द्वारा कितनी कलाकृतियां प्रस्तुत की जा सकती हैं?**

   प्रत्येक ललित कला महाविद्यालय/संस्थान द्वारा **प्रति संस्थान केवल एक कलाकृति** प्रस्तुत की जा सकती है।

3. **क्या संस्थान के शिक्षक अपने महाविद्यालय के माध्यम से भाग ले सकते हैं?**
   नहीं। महाविद्यालयों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली प्रविष्टियां केवल स्नातक-अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई होनी चाहिए। महाविद्यालयों को यह प्रमाणित करना होगा कि उनकी प्रविष्टि के रूप में प्रस्तुत कलाकृति उनके संस्थान में ललित कला के पाठ्यक्रम में नामांकित एक स्नातक अध्ययनरत विद्यार्थी द्वारा बनाई गई मौलिक कलाकृति है। साथ ही विद्यार्थी को 01 अप्रैल 2024 की स्थिति में महाविद्यालय में ललित कला में अध्ययन हेतु नामांकित होना चाहिए।

4. **क्या कोई विद्यार्थी अपनी प्रविष्टि सीधे आरबीआई को प्रस्तुत कर सकता/सकती है?**
   नहीं। विद्यार्थियों द्वारा सीधे आरबीआई को प्रस्तुत की गई व्यक्तिगत प्रविष्टियों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

5. **क्या कोई विशिष्ट विषय है जिस पर कलाकृति बनाई जानी चाहिए?**

   हाँ। कलाकृति भारतीय कला रूपों से प्रेरित होनी चाहिए और निम्नलिखित विषयों में से कोई भी विषय पर आधारित होनी चाहिए:

   - *भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई)*
   - *आरबीआई का भारत को योगदान*
   - *आरबीआई और नवोन्मेष*

6. **क्या मैं आरबीआई के अलावा अन्य विषयों पर कलाकृति प्रस्तुत कर सकता/सकती हूँ?**
   नहीं। निर्दिष्ट विषयों के अलावा अन्य विषय पर बनाई गई कलाकृति-प्रविष्टियों को अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

7. **क्या मूल कलाकृति को नई दिल्ली लाने से पहले फ्रेम/लेमीनेट किया जाना है?**
   नहीं। नई दिल्ली में मूल्यांकन के लिए मूल कलाकृति प्रदर्शित करने हेतु उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

8. **विद्यार्थियों/ संस्थान के प्रतिनिधियों के लिए नई दिल्ली तक की यात्रा व्यवस्था के बारे में बताएं।**

आरबीआई विद्यार्थियों और प्रस्तुतकर्ता संस्थान के प्रतिनिधियों के लिए नई दिल्ली तक हवाई/रेल माध्यम (इकोनॉमी हवाई किराया/सेकंड एसी) से यात्रा की व्यवस्था करेगा। महिला विद्यार्थियों के मामले में विद्यार्थी और प्रस्तुतकर्ता संस्थान के एक प्रतिनिधि के अलावा, यदि आवश्यक हो, तो माता-पिता/अभिभावक में से एक के लिए व्यवस्था भी आरबीआई द्वारा की जाएगी।
नई दिल्ली में ठहरने के स्थान और आयोजन स्थल के बीच स्थानीय परिवहन की व्यवस्था भी की जाएगी।

**9. विद्यार्थियों/ प्रस्तुतकर्ता संस्थान के प्रतिनिधि के लिए दिल्ली में ठहरने के दौरान आवास और भोजन व्यवस्था के बारे में बताएं।**

नई दिल्ली में विद्यार्थियों और संस्थान के प्रतिनिधि (व महिला विद्यार्थी के माता-पिता/अभिभावक में से एक, आवश्यकता अनुसार) के ठहरने की व्यवस्था (भोजन सहित) ठहरने के स्थान और आयोजन स्थल के बीच यात्रा की व्यवस्था आरबीआई द्वारा की जाएंगी ।

**10. प्रतिभागियों को कितने दिनों तक नई दिल्ली में रहने की आवश्यकता होगी?**
मूल्यांकन-सह-पुरस्कार समारोह **22 अक्टूबर 2024** को एक दिन में आयोजित किया जाएगा। प्रतिभागियों को नई दिल्ली एक दिन पूर्व आने की आवश्यकता होगी। आयोजन स्थल की सूचना शीघ्र ही दी जाएगी।

**11. प्रविष्टि के साथ प्रस्तुत किए जाने वाले लेख में क्या-क्या शामिल किया जाना चाहिए?**
लेख में विद्यार्थी संबंधी विवरण (जैसे नाम, लिंग, अध्ययन का वर्ष, पाठ्यक्रम का नाम), कलाकृति संबंधी विवरण (जैसे सामग्री, माध्यम, आयाम आदि) और भारतीय कला रूप जिससे यह प्रेरित है और यह कलाकृति दर्शकों को क्या संदेश देना चाहती है, शामिल किए जाएं।

**12. कलाकृति के लिए माध्यम और प्रारूप संबंधी आवश्यकताएँ क्या हैं?**

i. आयाम: 16.5 "(लंबाई) x 11.7" (चौड़ाई)। आकार में 10% तक भिन्नता की अनुमति है, लेकिन आकृति अनुपात को बनाए रखा जाना चाहिए।
ii. संरचना: क्षैतिज, <u>किसी भी प्रकार के कागज पर</u>।
iii. माध्यम: केवल एक ही सामग्री द्वारा या संयोजन में प्रयुक्त कोयला, पेंसिल, ग्रेफाइट, पेंट (ऐक्रेलिक, वॉटर कलर, तेल)।